तापमान

अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 6 दिसंबर 2025



11 राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए किया प्रेरित





11 महाग्राम छात्तर को मिलेगी शहरों की तरह सुविधाएं.....




## खबर संक्षेप

### 25 ग्राम हेरोइन के साथ दंपत्ति गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने दंपत्ति को काबू कर कब्जे से 25 ग्राम हेरोइन बरामद की है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने पकड़े गए दंपत्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूचना मिली थी की टोल प्लाजा की तरफ से दंपत्ति नशीला पदार्थ लेकर चमेली कालोनी की तरफ आने वाला है।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की जान गई

**कैथल।** कैथल के जींद रोड स्थित ट्रेन पर हुए सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बसी के कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 3 दिसंबर को जब उसका भाई विजेंद्र सिंह बाइक पर सवार होकर जींद रोड ट्रेन के पास से जा रहा था तो अज्ञात वेगनर गाड़ी चालक ने भाई की बाइक को टक्कर मार दी।

### कस्सी से हमला करने पर दो के खिलाफ केस

**जींद।** गांव मोरखी में रंजिशन कस्सी से हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोरखी निवासी हरिओम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही वीरभान के साथ कहासुनी हो गई।

### घर में सेंधमारी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना पुंडरी पुलिस के एचसी अयूब खान की टीम द्वारा मकान से चोरी करने के एक मामले की जांच करते हुए आरोपी गांव डीग निवासी आरोपी टिंकू, अमित और प्रगट सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता गांव डीग निवासी राजपाल की शिकायत अनुसार वह 24 नवंबर को अपने परिवार सहित मधुबन (करनाल) गए हुए थे।

### ऑनलाइन टास्क देकर लगाया 3.10 लाख का चूना

**जींद।** साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को ऑनलाइन टास्क देकर तीन लाख दस हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बुढ़ाखेड़ा निवासी मनीष ने पुलिस को शिकायत दी है।

### भागल में दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

**कैथल।** गांव भागल के बैस फार्म पर हुई मारपीट में दो पक्षों के तीन व्यक्ति घायल हो गए। अस्पताल में दाखिल करवाया है। भागल की इंद्रजीत कौर ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 1 दिसंबर को दोपहर करीब 11:00 बजे जसवीर सिंह, हरपाल सिंह, कबीर, मिली, हरजोत सिंह, गंभीर सिंह और हर्षदीप सिंह ने मिलकर मारपीट करते हुए लैब सिंह तथा जोगेंद्र सिंह को घायल कर दिया।

### महिला से ऑनलाइन ₹26390 की धोखाधड़ी

**कैथल।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने महिला से ऑनलाइन 26390 का धोखाधड़ी के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। न्यू प्योदा रोड की सुनीता ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 28 नवंबर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल नंबर से ओटीपी पूछते हुए उसके साथ आनलाइन 26390 रुपये की धोखाधड़ी की।

### हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निपटान करने के निर्देश

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित किया जाए। कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

---

### महिला आयोग ने पुलिस को 24 घंटे में मामला दर्ज करने का दिया था समय

# दो प्रोफेसरों के खिलाफ किया यौन उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज : एसपी

### एसपी ने एएसपी के नेतृत्व में किया था तीन सदस्यीय कमेटी का गठन

**जींद पुलिस महिला विरुद्ध अपराधों को लेकर गंभीर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की छात्राओं द्वारा यहां कार्यरत तीन शिक्षकों पर लगाए गए गंभीर आरोपों को लेकर पुलिस ने दो प्राध्यापकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस मामले में महिला आयोग की अध्यक्ष रेणू भाटिया गुरूवार को जांच के लिए विवि पहुंची थी और मामला दर्ज करने को लेकर दिशा-निर्देश दिए थे। इस मामले में महिला आयोग ने जिला पुलिस को 24 घंटे का समय मामला दर्ज करने के लिए दिया था और उस से पहले पुलिस ने जींद सदर थाना में दो प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एसपी कुलदीप सिंह ने मामले की जांच को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सिंह के नेतृत्व में कमेटी का गठन किया था। गठित कमेटी ने विवि की आंतरिक कमेटी से विचार-विमर्श व महिला आयोग हरियाणा की अध्यक्षा रेणू भाटिया के निर्देशानुसार तथा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से प्राप्त शिकायत आधार पर कारवाई करते हुए सदर थाना पुलिस ने बर्खास्त किए गए प्राध्यापक कपिल व संदीप के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। एसपी कुलदीप सिंह ने स्पष्ट किया कि जींद पुलिस महिला विरुद्ध अपराधों को लेकर गंभीर है और सूचना प्राप्ति के साथ तुरंत प्रभाव से कार्यवाही अमल में लाई जाती है।



**जींद।** सफीदों के गांव अंटा के मैट्रिस कॉलेज में पहुंची राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य डैलिना खोगडुप। *फोटो :हरिभूमि*

**यह है मामला :** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की छात्राओं ने प्राध्यापकों द्वारा कक्षा के दौरान और कक्षा के बाहर अशोभनीय व अश्लील टिप्पणियां की। छात्राओं से बार-बार अनुचित व्यक्तिगत प्रश्न पूछे गए थे। एक छात्रा से आपत्तिजनक बातें कही गई। कई छात्राओं के पहनावे, शरीर और दिखावे पर व्यक्तिगत सैक्सुअल कमेंट किए गए। आंतरिक अंक और उपस्थिति को हथियार बना कर अनुचित दबाव बनाया गया। वहीं आरोप लगाए गए हैं कि प्राध्यापक छात्राओं के पास रात को 11 बजे वहाट्सअप वीडियो कॉल करते हैं और न्यूड फोटो भेजते हैं। वहीं इन दोनों में से एक शिक्षक और तीसरे शिक्षक पर एससी, बीसी और ओबीसी समुदाय को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां करने के आरोप लगाए गए थे। इस मामले में रेणू भाटिया ने गुरूवार को विवि का दौरा कर पुलिस को मामला दर्ज करने के आदेश दिए थे।

#### महिलाएं पहले से ही सशक्त

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य डैलिना खोगडुप सफीदों के गांव अंटा के मैट्रिस कॉलेज में पहुंची। उनके साथ हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेणू भाटिया भी साथ रही। डैलिना ने कहा प्रदेश में दस कार्यक्रम विश्वविद्यालयों में करवा रहे हैं। यह प्रोग्राम इसलिए कर रहे हैं ताकि जब हमारी बहन या बेटी किसी एनआरआई से शादी करें और वह उनको छोड़ दे तो हम किस प्रकार से उनकी मदद कर सकें। नेशनल कमीशन वूमेन सेल ने यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है कि हम महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक कर सकें। महिलाएं पहले से ही सशक्त हैं। वहीं रेनू ने कहा कि जो विदेशों से एनआरआई आते हैं और हमारी भोली लड़कियों को फंसा कर उनसे शादी कर यहां से चले जाते हैं। कभी भी ऐसे किसी एनआरआई लड़कों के झांसे में मत आने के नारे भी लगवाए।

#### तीन सदस्यीय कमेटी का गठन

सीआरएसयू में अंग्रेजी विभाग के गेस्ट फैकल्टी में छात्राओं के यौन शोषण आरोपों के चलते एसपी कुलदीप सिंह ने एएसपी सोनाक्षी सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। तीन सदस्यीय कमेटी में सिविल लाइन थाना प्रभारी सब इंसपेक्टर पूजा यादव तथा सीआरएसयू चौकी प्रभारी राजेश ढांडा को शामिल किया गया था। गठित कमेटी ने विश्वविद्यालय की आंतरिक कमेटी से विचार-विमर्श व महिला आयोग हरियाणा की अध्यक्षा रेणू भाटिया के निर्देशानुसार तथा विवि के विद्यार्थियों से प्राप्त शिकायत आधार पर कारवाई करते सदर थाना पुलिस ने बर्खास्त किए गए प्राध्यापक कपिल व संदीप के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

#### कानून के अंतर्गत मामला दर्ज

एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि सदर थाना पुलिस ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में तैनात दो प्रोफेसरों कपिल और संदीप के खिलाफ छात्रों के यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया है। इस मामले में मीडिया में तीन प्राध्यापकों के नाम होने की बात कही गई थी लेकिन पुलिस के पास जो शिकायत आई है, उसमें कपिल और संदीप के ही नाम सामने आए हैं और इन दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। दोनों प्रोफेसर के खिलाफ डीएस की धारा 75 (3) और 79 तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति कानून के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

---



**कैथल।** आरोपी पुलिस गिरफ्त में। *फोटो :हरिभूमि*

# ट्रक से गिरने के कारण हो गई थी आशु की मौत

### जीरी के कट्टे चोरी करते समय गलत रस्सा कटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

थाना शहर क्षेत्र में युवक का शव बरामद होने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू किया गया है। डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने बताया की डेहा बस्ती जाखौली अड्डा कैथल निवासी राकेश कुमार की शिकायत अनुसार उसका 20 वर्षीय बड़ा बेटा आशु करियाने की दुकान चलाता था और रोजाना की तरह सुबह लगभग 4 बजे सैर के लिए निकल जाया करता था। 4 दिसंबर की सुबह लगभग 4 बजे आशु के मोबाइल पर किसी का फोन आया, जिसके बाद वह बात करते-करते घर से बाहर चला गया। परिजन द्वारा कई बार कॉल करने के बावजूद जब आशु ने फोन नहीं उठाया तो चिंता बढ़ गई। कुछ समय बाद परिवार को सूचना मिली कि रामनगर फाटक के पास झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा है।

#### पूछताछ में खुलासा

आरोपी अजय से पूछताछ दौरान खुलासा हुआ की आशु व अजय ने 3 को जीरी के कट्टे चोरी की योजना बनाई। 4 को सुबह आशु ने अजय को फोन कर उसके पास बुलाया। जिसके बाद वे दोनों बाइक पर बैठकर जींद रोड बाईपास पर पहुंच गए। उसके बाद वे दोनों एक जीरी के ट्रक के उपर चढ़ गए तथा जीरी के कट्टे नीचे गिराने लगे। अजय ने जीरी के कट्टे नीचे गिराने के लिए ट्रक पर बंधा रस्सा चक्कु से काटा तो गलत रस्सा कटने कारण आशु सड़क पर सिर के बल गिर गया। उसके बाद अजय भी ट्रक से नीचे कुद गया। उसके बाद आशु को साइड में बिठाकर अजय अपनी बाइक लेकर वहां आया तथा आशु को बाइक पर बिठाकर डॉक्टर के पास लेकर जाने लगा। रास्ते में रामनगर रेलवे फाटक के पास पहुंचने पर आशु की तबियत ज्यादा खराब हो गई, जो वह पानी मांगने लगा। अजय पानी लेने गया, पानी लेकर वापस आया तो देखा की आशु की मौत हो चुकी थी। डर के मारे अजय आशु को वही छोड़कर भाग गया। आशु की मौत ट्रक से नीचे गिरकर सड़क पर सिर लगने से हुई है।

---

# कैथलः यूनिवर्सिटी गेट पर फायरिंग के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल की यूनिवर्सिटी में छात्रों के लड़ाई झगड़े विवि गेट पर फायरिंग मामले में स्पेशल डिटेक्टिव युनिट तथा चौकी क्योड़क पुलिस की संयुक्त टीम ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने बताया की नितिन निवासी क्योड़क की शिकायत अनुसार वह कैथल की विवि में बीएससी स्पोर्ट द्वितीय वर्ष का छात्र है। 4 दिसम्बर को वह करीब 12:15 बजे क्लास खत्म कर घर जा रहा था। विवि गेट पर काली स्कॉर्पियो में बैठे कुछ युवक गेट पर मौजूद लड़कों से झगड़ा कर रहे थे और लाठी-डंडों से कार के शीशे तोड़ रहे थे। स्कॉर्पियो सवार युवक गाड़ी को गेट के बाहर ले गए और बाहर खड़े लड़कों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। इसी दौरान कार सवार युवक ने अचानक फायरिंग कर दी, जिसकी एक गोली नितिन के बाएं पैर में लगी। हमलावरों ने दो और राउंड फायर किए और मौके से फरार हो गए।

#### न्यायिक हिरासत में भेजा

मामले की जांच करते हुए स्पेशल डिटेक्टिव युनिट की टीम द्वारा आरोपी बाता निवासी कर्ण, अरुण, शिधांशु तथा हर्ष उर्फ हन्नी को काबू कर लिया गया। आरोपियों से पूछताछ दौराना खुलासा हुआ की अरुण, शिधांशु तथा हर्ष तीनो यूनिवर्सिटी के छात्र है तथा कर्ण का एडमिशन करवाने के लिए सभी यूनिवर्सिटी में आये हुए थे। यूनिवर्सिटी के अंदर कर्ण का एक अन्य युवक से कंधा टकराने को लेकर कहासुनी हो गई। उसके बाद उनका झगड़ा बढ़ गया। उसके बाद दूसरे पक्ष के कई युवक एकत्रित हो गए तथा यूनिवर्सिटी गेट पर उनकी गाड़ी पर हमला कर दिया। आरोपी हर्ष अपने साथ अवैध असला लिए हुए था, जो उसने अवैध पिस्तौल से यूनिवर्सिटी गेट की तरफ फायर कर दिए। अदालत ने हर्ष को एक दिन के पुलिस रिमांड तथा अन्य को न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए।

---

# डेंगू का आंकड़ा सौ पार कर 106 पहुंचा

**स्वास्थ्य विभाग की टीमें बुखार पीड़ितों की बना रही स्लाइड्सें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला में डेंगू पॉजिटिव का आंकडा सौ से पार हो गया है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग को एक डेंगू पॉजिटिव की रिपोर्ट मिली है। जिसके चलते जिला में डेंगू पॉजिटिव की संख्या 106 हो गई है। हालांकि स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बुखार से पीड़ित लोगों के खून के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। बाकायदा घर-घर जाकर लोगों को डेंगू, मलेरिया व से बचाव के लिए जागरूक करते हुए पोस्टर आदि भी वितरित किए जा रहे हैं। बावजूद इसके डेंगू के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। विभाग द्वारा डेंगू पीड़ितों के आसपास के घरों की मैपिंग और स्लाइडिंग करवाई जा रही है। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मच्छरजनित रोगों के अलावा दूषित पानी से होने वाली डायरिया, हैजा व पीलिया जैसी बीमारियों से निजात पाने के लिए स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा शहर में घर-घर जाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य निरिक्षक राममेहर वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मच्छरजनित रोगों व दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से बचाव की जानकारी देने के अलावा लोगों को बुखार होने पर तुरंत चिकित्सक से उपचार करवाने की सलाह दी जा रही है।



#### फॉगिंग करवाई जा रही

जिला मलेरिया अधिकारी डा. बिजेंद्र ढांडा ने बताया कि डेंगू व मौसमी बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग कर्मी लगातार फीवर मास सर्वे कर रहे हैं। लोगों को लगातार मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक किया जा रहा है। जहां भी डेंगू के मामले मिल रहे हैं वहां फॉगिंग करवाई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें बुखार पीड़ितों की लगातार स्लाइडें बना रही हैं। आमजन को चाहिए कि वो स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

#### वर्ष 2015 में आए थे सबसे अधिक मामले

जिले में सबसे ज्यादा वर्ष 2015 में 668 डेंगू के मामले सामने आए थे। उसके बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान से साल दर साल डेंगू का प्रकोप कम होता चला गया। स्वास्थ्य विभाग को वर्ष 2015 में 668, 2016 में 156, 2017 में 135, 2018 में 98, 2019 में 47, 2020 में 28, तथा 2021 में 622, वर्ष 2022 में 535, वर्ष 2023 420, वर्ष 2024 में 10 और वर्ष 2025 में अबतक 106 मामले मिल चुके हैं।

---



**अलेवा।** जर्जर स्थिति में दिखाई देता हसनपुर आरोही माडल स्कूल का भवन।

#### हसनपुर के स्कूल में नवीनीकरण पर 23 लाख खर्च होगें

**अलेवा।** उचाना कलां विस क्षेत्र के हसनपुर आरोही माडल स्कूल के नवीनीकरण पर 23 लाख खर्च होगें। इसके लिए सरकार ने पैसे जारी कर दिए हैं। हसनपुर आरोही मॉडल स्कूल की प्राचार्या ममता शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने हसनपुर गांव में 2011 में आरोही मॉडल स्कूल का निर्माण करवाया था। जिसमें भवन कई जगहों से जर्जर हो चुका था और इसके नवीनीकरण की सख्त जरूरत थी। प्रदेश सरकार ने भवन के नवीनीकरण के लिए बजट जारी कर दिया है। जिसमें पूरे भवन की मरम्मत, रंग रोगन, कार्यालय की टाइल के अलावा हर प्रकार से भवन की रिपेयर की जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा स्कूल भवन का नवीनीकरण करने के चलते बच्चों को एक स्वच्छ माहौल में पढाई करने का अवसर प्रदान होगा। स्कूल के इस पूरे नवीनीकरण का कार्य एसएमसी कमेटी, जेई तथा खंड शिक्षा अधिकारी की देखेरख में होगा। प्रदेश सरकार द्वारा स्कूलों में बच्चों को पढाई के मामले में एक अच्छा माहौल मिले। इसके लिए नवीनीकरण का कदम सरकार का एक सराहनीय कदम है। स्कूल में नवीनीकरण से हर कमरा साफ-सफाई के मामले में चकाचक होगा और इसके लिए स्कूल में नवीनीकरण को लेकर कार्य शुरू कर दिया है।

# मेले में 631 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को मेगा रोजगार एवं शिक्षुता मेले का भव्य आयोजन किया गया। जिले और आसपास के क्षेत्रों से युवाओं ने मेले में भाग लेकर रोजगार के अवसर प्राप्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने किया। अध्यक्षता कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के उपनिदेशक संजीव शर्मा ने की। आईटीआई जींद के प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि आज का युग कौशल (स्किल) का है और जो युवा तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर लेते हैं वे रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर हासिल कर सकते हैं। सरकार युवाओं को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप सक्षम बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और प्रदेश की आर्थिक प्रगति में योगदान दे सकें। आईटीआई जींद परिसर में फैली स्वच्छता और हरियाली की सराहना करते हुए इसे एक प्रेरणादायक पहल बताया। इस दौरान उन्होंने कैंपस में आम का पौधा रोपित कर हरियाली अभियान में अपना योगदान दिया।



**जींद।** रोजगार मेले में पूछताछ करते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

---



**ढांड।** विधायक सतपाल जांबा गांव कौल में विकास कार्यों का निरीक्षण करते।

#### विधायक ने किया कौल में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण

**ढांड।** विधायक सतपाल जांबा आज कोल गांव पहुंचे, जहां उन्होंने चल रहे विकास कार्यों का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की गुणवत्ता, कार्य गति और उपयोग हो रही सामग्री को बारीकी से परखा। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि गांव के लोगों को स्थायी सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों ने विधायक के निरीक्षण का स्वागत किया और कहा कि इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता और तेजी आएगी। विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और आश्वासन दिया कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी और ग्रामीण भी मौजूद रहे।

---

**परेशानी** दूषित पानी के कारण मच्छर-मक्खियों से गंभीर बीमारियों का खतरा

# बलकार कॉलोनी में टूटी गलियां, बंद नालों और ठप पड़े सीवरेज से बढ़ी परेशानी, ग्रामीणों में गहरा रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव फतेहपुर-पूंडरी की बलकार कॉलोनी में स्थिति दिनोंदिन बदतर होती जा रही है। कॉलोनी में जगह-जगह टूटी हुई गलियों, अवरुद्ध नालों और बंद पड़े सीवरेज सिस्टम ने स्थानीय निवासियों का जीना मुश्किल बना दिया है। वर्षों पहले सीवरेज पाइप तो बिछा दिए गए थे, लेकिन हैरानी की बात है कि आज तक सीवरेज लाइनें चालू ही नहीं की गईं। ऐसे में गंदा पानी गलियों में ही एकत्रित हो जाता है, जिससे बदबू फैलती है और मच्छरों-मक्खियों के कारण गंभीर बीमारियों का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। स्थानीय निवासी सत्यनारायण शर्मा, बाबूराम, कृष्ण कुमार, सतीश कुमार, राजकुमार, सुरेश कुमार, बलबीर और सुरेश वर्मा ने बताया कि गली मरम्मत, नाले की सफाई और सीवरेज शुरू करवाने की मांग को लेकर वे कई बार सरपंच सोहनलाल से मिल चुके हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला है। उन्होंने कहा कि अब तक किसी भी स्तर पर ठोस कार्यवाही न होने से लोग बेहद परेशान और नाराज़ हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हल्की सी बारिश में भी नालों का पानी गलियों से भरकर घरों तक पहुंचने लगता है।



**पूंडरी।** फतेहपुर बलकार कॉलोनी में गली में जमा नाले का पानी व टूटी गली।

#### मरम्मत करवाई जाएगी

उन्हें अभी जानकारी मिली है। बहुत जल्द नालों की सफाई और जहां-जहां गलियां टूटी हुई हैं, उनकी मरम्मत करवाई जाएगी। *सोहनलाल वर्मा, सरपंच फतेहपुर।*

---



**राजौंद।** सड़क पर बने गहरे गड्ढे के दृश्य। *फोटो :हरिभूमि*

#### सड़क के गहरे गड्ढे बने परेशानी

**राजौंद।** राजौंद के कैथल रोड पर सड़क पर बने गहरे गड्ढे व टूटी हुई सड़क लोगों के लिए मुसीबत बन रही हैं। आलम यह है कि एक तो यहां पानी भर जाता दूसरा यहां वाहन टूट रहे हैं। इस बारे ग्रामीण नरेंद्र, काला रामपाल, रामकुमार, जसमेर, विशाल ने बताया कि यहां से सड़क काफी टूट चुकी है, कई बार अनजान वाहन चालक यहां दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। बार-बार संबंधित विभाग को अवगत करवाया जा चुका हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा। इन लोगों ने बताया कि वैसे तो पूरा डेढ़ किलोमीटर के लगभग सडक का टुकड़ा पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। जिस पर विभाग द्वारा कार्य शुरू नहीं किया जा रहा, जिसे लेकर पूरे नगर के साथ-साथ आसपास के गांव के लोगों में भी रोष बढ़ रहा है। इन लोगों ने कहा कि यहां जो गड्ढे है कम से कम इनमें रोड़ा इत्यादि डलवा कर इसे ठीक करवा दिया जाए तो लोगों के वाहन तो न टूटे और ना ही लोगों को किसी घटना का शिकार होना पड़े। लेकिन संबंधित विभाग इस ओर बहुत बड़ी लापरवाही बरत रहा है। जिसका खामियाजा वाहन चालकों के साथ-साथ आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



# अगले साल आएगा धुरंधर का सेकंड पार्ट रिवेंज

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' शुक्रवार को रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। लेकिन, फिल्म के अंत में दर्शकों को एक बड़ा सरप्राइज भी मिला है। मेकर्स ने धुरंधर के अंत में ही इसके सेकंड पार्ट की घोषणा भी कर दी है। धुरंधर की सीक्वल फिल्म रिवेंज नाम से अगले साल 19 मार्च 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। अब देखना ये है कि सेकंड पार्ट में फिल्म की कहानी किस तरह से आगे बढ़ती है। साथ ही फिल्म की कास्ट में क्या बदलाव आते हैं। रिलीज के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। अधिकांश दर्शकों को फिल्म के सभी कलाकारों का काम पसंद आ रहा है। हालांकि, अक्षय खन्ना फिल्म की बाकी कास्ट पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। जबकि, रणवीर सिंह के अभिनय की भी काफी तारीफ हो रही है। लेकिन 3 घंटे से भी अधिक फिल्म की अवधि दर्शकों को अखर रही है। जिसकी वजह से कई लोग फिल्म को बोझिल बोल रहे हैं।

लाइफ Style



# ऐश्वर्या

## रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर छाईं

ऐश्वर्या राय बच्चन रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 की ओपनिंग सेरेमनी में शामिल हुईं। यहां उन्होंने अपने लुक और स्टाइल से लाइमलाइट लूटी। इस स्टार-स्टड इवेंट की प्रेस कांफ्रेंस में ऐश्वर्या ब्लैक गाउन में नजर आईं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रेड कार्पेट इवेंट के दौरान भी वह अपने लुक से छा गईं। इस दौरान 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' फेम एक्ट्रेस डकोटा जॉनसन के साथ उनकी बॉन्डिंग जबर्दस्त दिखी। रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर ऐश्वर्या राय ने कई विदेशी एक्ट्रेस के साथ शिरकत की और साथ में पोज देती नजर आईं। रेड कार्पेट पर वे ब्लैक एंड व्हाइट गाउन में बेहद खूबसूरत अंदाज में दिखीं। सोशल मीडिया पर सभी का लुक वायरल हो रहा है। इस इवेंट से ऐश्वर्या राय का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे डकोटा जॉनसन के साथ नजर आ रही हैं। फेस्टिवल के दौरान दोनों चर्चित अदाकाराएं एक-दूसरे के साथ गर्मजोशी से मिलीं।

डकोटा और ऐश्वर्या को बात करते देख जैसे ही फोटोग्राफर्स वहां इकट्ठे हुए, दोनों एक्ट्रेस ने साथ में स्टाइलिश पोज दिए। ऐश्वर्या और डकोटा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यूजर्स कमेंट कर रहे हैं और लिख रहे हैं, 'दो दिग्गज एक्ट्रेस एक फ्रेम में'। बता दें कि रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 में ऐश्वर्या भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले चुनिंदा कलाकारों में शामिल हैं। रेड सी फिल्म फेस्टिवल 13 दिसंबर तक चलेगा। इस वीक इस फेस्टिवल में कृति सेनन भी हिस्सा लेने वाली हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# एवेंजर्सः डूम्सडे का ट्रेलर 7 को होगा रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के दुनियाभर के फैंस को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का इंतजार है। वैसे तो यह फिल्म अगले साल 18 दिसंबर 2026 को रिलीज होने वाली है। लेकिन एमसीयू ने साल भर पहले ही फैंस को इसकी पहली झलक दिखाने का फैसला कर लिया है! एक रिपोर्ट के मुताबिक, एमसीयू इसी हफ्ते 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज करने का फैसला किया है। पहले यह खबर थी कि यह ट्रेलर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दिखाया जाएगा। लेकिन, अब 'एवजेंर्सः डूम्सडे' का टीजर 7 दिसंबर को आने की संभावना है। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की कास्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर के साथ ही क्रिस हेम्सवर्थ, टॉम हिडलस्टन, पैट्रिक स्टीवर्ट, इयान मैककेलन, वैनेसा किर्बी, रेबेका रोमिजन, पॉल रड, एंथनी मैकी, सेबेस्टियन स्टेन, लेटिटिया राइट, फ्लोरेंस पुघ, केल्सी ग्रामर, डैनी रामिरेज और पेड्रो पास्कल जैसे दिग्गज सुपरहीरोज बनकर लौट रहे हैं।



# शांग त्सुंग की भूमिका के लिए मिली सराहना

**लॉस एंजिल्स।** 1995 की 'मॉर्टल कॉम्बैट' फिल्म में शांग त्सुंग की भूमिका के लिए प्रसिद्ध जापानी-अमेरिकी अभिनेता कैरी हिरोयुकी तगावा का 75 साल की उम्र में निधन हो गया। उनका निधन स्ट्रोक की जटिलताओं की वजह से हुआ। उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में अंतिम सांस ली। कैरी का जन्म 27 सितंबर 1950 को टोक्यो में हुआ था। उनके पिता अमेरिकी सेना में थे, इसलिए बचपन में वे अमेरिका के कई राज्यों में घूमते रहे। आखिर में वह कैलिफोर्निया में बस गए। हाई स्कूल में उन्हें अभिनय का शौक लगा। साल 1987 में मशहूर निर्देशक बर्नार्डो बर्टोलुची ने उन्हें फिल्म 'द लास्ट एम्परर' में बड़ा रोल दिया। इसके बाद वे हॉलीवुड में बहुत प्रसिद्ध हो गए। उन्होंने 30 से ज्यादा फिल्मों में काम किया, जिनमें 'लाइसेंस टू किल', 'राइजिंग सन', 'पर्ल हार्बर', 'मेमॉयर्स ऑफ अ गीशा' जैसी बड़ी फिल्में शामिल हैं। टीवी सीरीज में भी वे 'द मैन इन द हाई कैसल', 'हीरोज' और 'लॉस्ट' में नजर आए। मॉर्टल कॉम्बैट गेम के सह-निर्माता एड बून ने ट्विटर पर लिखा, 'आज हमने एक महान कलाकार खो दिया।



# एयरपोर्ट कर्मचारी के साथ खिंचवाई तस्वीर

**मुंबई।** कृति सेनन इन दिनों अपनाी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच कृति का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हाल ही में कृति सेनन मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। एयरपोर्ट पर कुछ महिला कर्मचारी नजर आ रही हैं, जो प्यार से कृति को तस्वीर खिंचाने के लिए कहती हैं। कृति तुरंत ही दोनों महिला कर्मचारियों के साथ सेल्फी क्लिक करती हैं। कृति के साथ तस्वीर क्लिक करने के बाद दोनों महिला कर्मचारी खुशी से उछलने लगती हैं। कृति के इस व्यवहार को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं। एयरपोर्ट कर्मचारी के प्रति कृति के इस व्यवहार की फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'इसीलिए यह मेरी पसंदीदा हैं', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत प्यारी हैं', एक और फैन ने लिखा, 'मैडम की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रूल करेगी'।



# द ट्रेटर्स के लिए मिला बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड

**मुंबई।** फिल्ममेकर करण जौहर रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' को लेकर खूब सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने इस शो को शानदार तरीके से होस्ट किया। इस शो को होस्ट करने के लिए उन्हें गुरुवार को एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड मिला है। इस अवॉर्ड को जीतने के बाद करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी का इजहार किया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा 'मैं सिंगापुर में एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में 'द ट्रेटर्स' के लिए बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड जीतकर बहुत खुश हूं। मैं माराकेच फिल्म फेस्टिवल में था इसलिए यहां शामिल नहीं हो पाया। मैं इसके लिए एकेडमी को धन्यवाद देना चाहूंगा।' एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में प्राइम वीडियो के 'द ट्रेटर्स' ने 'मौजूदा फॉर्मेट के बेस्ट अडैप्टेशन' का अवॉर्ड जीता।

## टीवी मसाला



# महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ बिग बी ने लगाए ठुमके

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का पॉपुलर क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' ने अपने चल रहे 17वें सीजन में अलग-अलग फील्ड के कई हस्तियों को बुलाया है। हाल ही में, इस शो में क्रिकेटर शेफाली वर्मा और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कुछ खिलाड़ी शामिल हुईं। शो में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के शामिल होने का एक प्रोमो सोशल मीडिया पर जारी किया गया है। इसमें अमिताभ बच्चन खिलाड़ियों से बात करते हैं इसके बाद उनके साथ ठुमके लगाते हैं। शो के प्रोमो में देखा जा सकता है कि अमिताभ बच्चन कहते हैं कि पहला टैग दिखाया जाए। टैग में दिखता है 'शॉपिंग की शौकीन'। इस पर सभी एक सुर में बोलते हैं शेफाली वर्मा। शिफाली वर्मा कहती हैं 'मुझे शॉपिंग का शौक है और मैं बदलती रहती हूं।' इस पर सभी हंसते हैं। दूसरे टैग में दिखाया जाता है 'एंग्री यंग वुमेन'। इस पर हरमनप्रीत कौर कहती हैं 'एंग्री का तो पता नहीं पर यंग वुमन ठीक है।' अगले टैग में दिखता है 'सुरों के सरताज।' इस पर सब अमोल मजूमदार का नाम लेते हैं। इसके बाद अमोल मजूमदार स्टेज पर आकर गाना गाते हैं। शो में एक खास मौके पर अमिताभ ने टीम को जंक फूड खाने के लिए चिढ़ाया, खासकर टूर्नामेंट के दौरान। जवाब में, शेफाली ने कहा कि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, 'नहीं सर, कोच बोल रहे हैं, कोच से पूछिए।' आगे, स्नेह राणा ने मजाक में कहा कि टीम कोच से सही डाइट भी फॉलो करवाती है।

## 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' 19 को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** चर्चित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' के फाइनल सीजन का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए खुशखबरी है। सीरीज के फाइनल सीजन की रिलीज डेट का एलान हो चुका है। सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगारू अभिनीत सीरीज का दर्शक इसी महीने लुत्फ उठा सकेंगे। इंटरनेशनल एमी नॉमिनेटिड सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' को दुनियाभर के दर्शक 19 दिसंबर से देख सकेंगे। इस तारीख से सीरीज का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर होगा। सीरीज के इस फाइनल सीजन का ऐलान इस साल जुलाई में एक पोस्टर रिलीज के साथ किया गया था। बता दें कि इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्दी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं।



# 2025 में गूगल पर इन हस्तियों का रहा बोलबाला

**मुंबई।** गूगल इंडिया ने अपने ईयर इन सर्च 2025 की सूची जारी कर दी है, जिसमें सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले अभिनेता से लेकर फिल्म तक, हर किसी का नाम सामने आया है। इस लिस्ट में मनोरंजन जगत की दो बड़ी हस्तियों धर्मेंद्र और शेफाली जरीवाला का नाम भी शामिल हैं, जिन्हें उनके निधन के बाद सबसे ज्यादा बार सर्च किया गया।

### शेफाली को भी लोगों ने किया सर्च

उधर, 27 जून को शेफाली जरीवाला के अचानक हुए निधन ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। 'कांटा लगा' से रातोंरात मिली लोकप्रियता, रियलिटी टीवी में नई पहचान और फिर अचानक यह दुखद खबर-लोगों ने पुराने वीडियो, इंटरव्यू और उनके करियर को याद करते हुए गूगल पर उनकी जिंदगी से जुड़े सवालों की एक लंबी सीरीज दर्ज कर दी।



### धर्मेंद्र हुए सबसे ज्यादा बार सर्च

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र के निधन ने भारतीय सिनेमा के एक स्वर्णिम अध्याय को विराम दे दिया। छह दशक से अधिक लंबे कॅरियर के साथ, वो वह नाम बने जिन्हें हर उम्र का दर्शक एक अलग जुड़ाव के साथ याद करता है। उनके जाने के बाद गूगल पर ट्रिब्यूट, इंटरव्यू, पुरानी झलकियों और अनसुनी कहानियों की सर्च में लाखों लोगों ने उन्हें बार-बार याद किया। यह सिर्फ एक अभिनेता के निधन का शोक नहीं था, बल्कि एक युग के अंत का एहसास भी था।*

### सैयारा बनी साल की सबसे ट्रेंडिंग फिल्म

गूगल की मूवी ट्रेंडिंग लिस्ट में मोहित सूरी निर्देशित सैयारा ने पहला स्थान हासिल किया। यह फिल्म न सिर्फ अपनी कहानी के लिए, बल्कि इसके टाइटल ट्रैक के चलते भी सोशल मीडिया पर छाई रही। बिना किसी बड़े स्टार कास्ट के भी इस फिल्म ने यह साबित किया कि फ्रेश कंटेंट और नए चेहरों की लोकप्रियता भी दर्शकों को उतनी ही ताकत से बांध सकती है। इसके अलावा इस लिस्ट में क्षेत्रीय सिनेमा की फिल्मों ने भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। कांताराः ए लीजेंड चैप्टर 1, कुली (तमिल), मार्को (मलयालम) और गेम चेंजर (तेलुगु) जैसी फिल्मों ने दिखाया कि 2025 भारतीय सिनेमा के विविध रंगों से भरा वर्ष रहा।

# शादी को लेकर सीरियस थे अक्षय और शिल्पा



**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार दोनों ही इंडस्ट्री के चर्चित सितारे हैं। एक दौर था, जब इनके रिलेशनशिप के चर्चे थे। हालांकि, आज दोनों ही अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। अक्षय कुमार ने ट्विंकल खन्ना से शादी रचाई है। वहीं, शिल्पा शेट्टी बिजनेसमैन राज कुंद्रा के साथ सफल वैवाहिक जीवन बिता रही हैं। हाल ही में निर्माता सुनील दर्शन ने शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार के उस दौर में चले अफेयर पर टिप्पणी की है। 90 के दशक में अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी के प्यार के चर्चे सुर्खियों में रहते थे। फिर, कुछ साल बाद यह रिश्ता खत्म हो गया। हाल ही में फिल्ममेकर सुनील दर्शन ने खुलासा किया कि दोनों स्टार्स शादी करने को लेकर गंभीर थे। दोनों अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने के बारे में सीरियसली सोच रहे थे। मगर, शिल्पा के माता-पिता ने शादी के लिए हां करने से पहले कुछ शर्तें रखी थीं और जब वे शर्तें पूरी नहीं हुईं, तो ऐसा लगा कि इससे उनके रास्ते में रुकावटें आ गईं। सुनील दर्शन ने इस बात का संकेत दिया कि यही शिल्पा और अक्षय कुमार के अलग होने की वजह रही। सुनील दर्शन ने बॉलीवुड ठिकाना से बात करते अक्षय और शिल्पा के बीच पुराने रिश्ते पर चर्चा की। निर्माता ने उन्हें 'गुड लुकिंग कपल' कहा, लेकिन यह भी कहा कि किस्मत के शायद कुछ और ही प्लान थे। इसी दौरान उन्होंने बताया कि वर्षों पहले ट्विंकल खन्ना के पिता, राजेश खन्ना के करीबी एक ज्योतिषी ने एक हैरान करने वाली भविष्यवाणी की थी। ज्योतिषी ने कहा था कि अक्षय और ट्विंकल एक दिन शादी करेंगे। सुनील ने माना कि उस वक्त उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। निर्माता ने कहा, उस समय उनका (अक्षय और ट्विंकल का) एक-दूसरे से कोई लेना-देना नहीं था'। सुनील दर्शन ने कहा कि पीछे मुड़कर देखने पर, उन्हें यह अजीब लगा। उन्होंने कहा, 'इत्तेफाक देखिए, अगर शिल्पा के माता-पिता ने वे शर्तें नहीं रखी होतीं, तो जिंदगी कुछ और ही मोड़ लेती'। जब उन शर्तों के बारे में पूछा गया तो सुनील ने समझाया,'माता-पिता के तौर पर, माता-पिता को अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए जो कुछ भी चाहिए। वह गलत नहीं है'। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका मतलब फाइनेंशियल सिक्योरिटी से है? तो सुनील दर्शन ने जवाब दिया, 'हर तरह की सिक्योरिटी, सभी पेरेंट्स यही चाहते हैं'।

## कंटेंट रहा कमजोर, मेगा स्टार्स भी नहीं लगा पाए नैया पार

# इस साल बड़े बजट की फिल्मों की बॉक्स ऑफिस पर बत्ती हुई गुल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 2025 बॉलीवुड के लिए बेहद दिलचस्प रहा। जहां एक ओर छोटे बजट की कहानियों ने बॉक्स ऑफिस पर दमदार कमाई कर सभी को चौंका दिया, वहीं दूसरी ओर दिग्गज सितारों की बड़ी-बड़ी फिल्में बुरी तरह धराशायी हो गईं। करोड़ों के बजट पर खड़े किए गए कई मेगा प्रोजेक्ट उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए। कंटेंट कमजोर रहा, ऑडियंस कनेक्शन नहीं बन पाया और सितारों का चमकता स्टारडम भी टिकट विंडो पर फिल्मों को नहीं बचा सका। इस साल की फ्लॉप लिस्ट में कंगना रनौत से लेकर ऋतिक रोशन, शाहिद कपूर से लेकर सलमान खान तक कई बड़े नाम शामिल हैं।

### इमरजेंसी

कंगना रनौत की महत्वाकांक्षी फिल्म इमरजेंसी को रिलीज से पहले काफी सुर्खियां मिलीं, लेकिन सिनेमा हॉल में कहानी टिक नहीं पाई। इंदिरा गांधी पर आधारित यह बायोपिक विवादों में फंसने के बाद चर्चा तो बटोर गई, लेकिन कमाई आधे रास्ते में ही ठहर गई। करोड़ों झोंकने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फीकी पड़ गई।

### देवा

शाहिद कपूर की देवा ने ट्रेलर रिलीज के समय जबरदस्त उत्सुकता जगा दी थी। लेकिन, फिल्मों में ट्रेलर का आकर्षण तब तक ही टिकता है जब कहानी दर्शकों को बांधकर रखे। यही कमी देवा में नजर आई। बजट भारी था, कमाई उसकी छाया भी नहीं छू पाई। भारत में इस फिल्म का कलेक्शन सिर्फ 34.37 करोड़ का रहा।



### सिकंदर

ईद रिलीज मानी जाती है गोल्डन स्लॉट, लेकिन सलमान खान की सिकंदर इस साल 'ईद मैजिक का लाभ नहीं उठा पाई। फिल्म का बजट बेहद बड़ा था, लेकिन कहानी साधारण और स्क्रीनप्ले औसत होने के कारण दर्शकों ने इसे एक हफ्ते बाद ही नज़रअंदाज़ करना शुरू कर दिया।

### वॉर 2

वॉर जैसी ब्लॉकबस्टर के बाद इसके सीक्वल से उम्मीदें बहुत ज्यादा थीं। ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की स्टारकास्ट भारी थी, बजट उससे भी भारी, लेकिन फिल्म दर्शकों को पकड़ नहीं पाई। भारीभरकम बनावट और कमजोर कहानी- यही इसकी हार का सबसे बड़ा कारण बना। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म का कुल बजट 400 करोड़ के करीब था, लेकिन भारत में कमाई सिर्फ 222.35 करोड़ की रही।

### सन ऑफ सरदार 2

अजय देवगन की कॉमेडी फिल्मों का लंबे समय से अलग फैन बेस रहा है, लेकिन सन ऑफ सरदार 2 इस उम्मीद पर खरी नहीं उतरी। मल्टी-स्टार कास्ट और बड़े पैमाने पर बनी यह फिल्म दर्शकों को थिएटर तक खींच ही नहीं पाई। हंसी के बिना कॉमेडी का स्वाद फीका हो जाता है, यही फिल्म की असफलता का पलड़ा भारी कर गया। 150 करोड़ में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 60.90 करोड़ बटोरे।

### बागी 4

टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की बागी 4 एक्शन प्रेमियों के लिए बनाई गई थी, लेकिन फ्रेंचाइजी की यह किस्त गहराई और नईपन की कमी के कारण पिछली हिट फिल्मों जैसा असर छोड़ने में नाकाम रही। एक्शन बहुत था, भावनाएं बहुत कम और दर्शक अब सिर्फ स्टंट से नहीं, कहानी से भी जुड़ना चाहते हैं। करीब 80 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 52.77 करोड़ ही कमा पाई।

### 2025 की बाकी बड़ी फ्लॉप्स

राम चरण-कियारा आडवाणी की गेम चेंजर, राजकुमार राव की मालिक, सिद्धांत–तृप्ति की धड़क 2, सोनू सूद की फतेह, द बंगाल फाइल्स, आजाद, अर्जुन कपूर की मेरे हस्बैंड की बीवी, जुनैद–खुशी कपूर की लवयापा, ग्राउंड जीरो- ये सभी फिल्में बजट के हिसाब से उम्मीदें पूरी नहीं कर पाईं। साल भर में बार-बार यही साबित हुआ- अब दर्शक सिर्फ स्टार नहीं, बेहतर कंटेंट चुन रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### 101 कुंडीय हवन का होगा भव्य आयोजन

**नरवाना।** डीएवी कालेज मैनेजिंग कमेटी के प्रधान डॉ पूनम सूरी के मार्गदर्शन तथा आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के उत्साह पूर्वक नेतृत्व में डीएवी स्कूल द्वारा नशे के विरुद्ध नो नशा नेशन मिशन के तहत ढाकल गांव में 101 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा । प्राचार्य गजेंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में भव्य आयोजन 7 को आयोजित किया जाएगा।

### भूखंड खरीद से पहले करें पूरी तरह से जांच

**जींद।** जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि शहरी क्षेत्र जींद में कुछ अनाधिकृत कालोनियों का विकास किया जा रहा है। इन कालोनियों का निर्माण बिना विभाग से आवश्यक लाइसेंस, सीएलयू एवं एनओसी प्राप्त किए किया जा रहा है। जो नियमानुसार पूरी तरह से अवैध है। बताया कि इस कार्यालय द्वारा दोषियों के विरुद्ध विधि अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव हथवाला से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव हथवाला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बुआ की लड़की उनके घर आई हुई थी। जो तीन दिसंबर को घर से गायब हो गई। पूछताछ करने पर कोई सुराग नही लगा।

### 24 बोतल शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**जींद।** जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 315 किलोग्राम लाहण तथा 24 बोतल बरामद की है। संबंधित थाना पुलिस ने पकड़े गए आरोपितों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मांडी कलां निवासी प्रदीप कमालपुर रोड पर खेत में बने कमरे में शराब निकालने की तैयारी में है।

### मेधावी छात्रवृत्ति योजना हेतु आवेदन करें विद्यार्थी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अल्पसंख्यक (सेवा) विभाग हरियाणा द्वारा संचालित डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। छात्र-छात्राएं इस योजना का लाभ उठाने हेतु आवेदन पत्र 31 जनवरी 2026 तक पोर्टल पर जमा कर सकते हैं।

### गंभीर बीमारियों से पीड़ितों को मिल रहा पेंशन का लाभ

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार द्वारा 21 गंभीर बीमारियों से पीड़ित पात्र नागरिकों को दिव्यांग पेंशन उपलब्ध करवाई जा रही है। बताया कि इसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा हरियाणा का स्थाई निवासी एवं आवेदन करते समय तीन वर्ष से हरियाणा में रह रहा हो। बताया कि आवेदक की सभी स्रोतों से वार्षिक आय तीन लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### पीएम स्वनिधि योजना के तहत 650 को मिला लाभ

**राजौंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से साल 2020 से रेहडी फड़ी संचालकों के लिए पीएम सम्मान निधि योजना शुरू की गई थी। नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि पहले इस योजना को 31 दिसंबर 2024 तक लागू किया गया था अब इस योजना को 16 दिसंबर से दोबारा शुरू किया जा चुका है।

### संत हमें याद करें यह परम सौभाग्य

**उचाना।** महाराजा अग्रसेन मंदिर अनाज मंडी में सप्ताहिक प्रवचन में पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि नगर में संत का आना भाग्य है। संत का अपने घर पर आना अहोभाग्य है संत को याद करना सौभाग्य है। संत हमें याद करें यह परम सौभाग्य। इतना सब होते हुए भी हम न सुधरें तो यह दुर्भाग्य हैं। संत का आना ही बंसत का आना होता है। संत जहां से चले जाते हैं वहां सब सूना-सूना सा हो जाता है।

### विधायक ने किया 67 करोड़ रुपये की योजनाओं का शुभारंभ

# महाग्राम छात्तर को मिलेगी शहरों की तरह सुविधाएं : देवेंद्र अत्री

### उचाना हलके में विकास कार्य बुलेट ट्रेन की स्पीड से हो रहेः विधायक

सुदकैन डिस्ट्रीब्यूटरी नवनिर्माण होने से 25 हजार एकड़ भूमि को मिलेगा नहरी पानी का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

महाग्राम छात्तर के ग्रामीणों को शहरों की भांति सुविधाएं मिलेगी। गांव में पीने के पानी की किल्लत को दूर करने के लिए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने 18.36 करोड़ से बनने वाले लोधर रोड पर नहरी पानी पर आधारित जल घर निर्माण, गांव में वर्षों पुरानी गंदे पानी की निकासी की समस्या का जड़ से समाधान करते हुए करीब 30.95 करोड़ से बनने वाले एसटीपी निर्माण को लेकर भूमि पूजन किया गया। पूरे गांव में सीवरेज बिछाई जाएगी। जिससे गंदे पानी की निकासी एसटीपी में होगी। शिलान्यास को पहुंचे विधायक का ग्रामीणों ने स्वागत किया। विधायक ने कहा कि 10 हजार से अधिक आबादी वाले गांवों में शहरों की भांति सुविधाएं सरकार द्वारा दी जा रही है। सरकार की महाग्राम योजना में छात्तर शामिल है।


छात्तर एसटीपी निर्माण को लेकर भूमि पूजन करते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।


**उचाना।** सुदकैन खुर्द में सुदकान डिस्ट्रीब्यूटरी नवनिर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। *फोटो :हरिभूमि*

#### आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं

यहां पर शहरों में मिलने वाली सुविधाएं ग्रामीणों को मिलेगी। पीने के पानी की किल्लत का जड़ से समाधान होगा। नए जलघर बनने के बाद पानी की किल्लत गांव में नहीं रहेगी। गंदे पानी की निकासी जिसकी समस्या वर्षों पुरानी है वो भी एसटीपी बनने के साथ-साथ सीवरेज पाइप लाइन गांव में बिछाए जाने के बाद दूर होगी। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की सोच के तहत सरकार कार्य कर रही है। उचाना हलके विकास कार्य बुलेट ट्रेन की स्पीड से हो रहे है। आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। सुदकैन डिस्ट्रीब्यूटरी के 25 हजार एकड़ भूमि को मिलेगा नहरी पानी का लाभः सुदकैन खुर्द गांव में सुदकैन डिस्ट्रीब्यूटरी नवनिर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा किया गया। बुर्जी नंबर 56 हजार से एक लाख 18 हजार तक कंक्रीट से पुनः निर्माण किया। उचाना हलके विकास कार्य बुलेट ट्रेन की स्पीड से हो रहे है। आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है।इस निर्माण पर करीब 17 करोड़ रुपये की राशि नहरी विभाग द्वारा खर्च की। कंक्रीट से माइनर का नवनिर्माण होने से माइनर टूटने की घटना बंद होगी तो माइनर के टेल के अंत तक पानी पहुंचेगा।

#### ये रहे मौजूद

विधायक ने कहा कि सुदकैन डिस्ट्रीब्यूटरी नवनिर्माण से उचाना हलके के करसिंधु, पालवां, छात्तर, घोघडिया, कसूहन, कालता, रोजखेड़ा, अलीपुरा, बड़ौदा, सुदकैन खुर्द सहित अन्य गांवों की करीब 25 हजार एकड़ भूमि को पानी का लाभ पहुंचेगा। खेतों में पर्याप्त मात्रा में नहरी पानी पहुंचेगा तो फसल बंपर होगी। फसल बंपर होगी तो किसान खुशहाल होगा। किसान खुशहाल होता है तो देश खुशहाल होता है। वो खुद खेती करते है किसान के बेटे है, इसलिए वो जानते है कि खेती के लिए नहरी पानी कितना जरूरी है। वो खुद फसल की सिंचाई करने के लिए खेत में जाते रहे है। विधायक ने कहा कि सुदकैन डिस्ट्रीब्यूटरी नवनिर्माण से उचाना हलके के करसिंधु, पालवां, छात्तर, घोघडिया, कसूहन, कालता, रोजखेड़ा, अलीपुरा, बड़ौदा, सुदकैन खुर्द सहित अन्य गांवों की करीब 25 हजार एकड़ भूमि को पानी का लाभ पहुंचेगा।इस मौके पर जन स्वास्थ्य विभाग एक्सईएन प्रशांत, नहरी विभाग एक्सईएन सौरभ गर्ग, मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, छात्तर मंडलध्यक्ष श्रवण मांडी, एसडीओ सुनीता, सुनील, विनय जेई, जेई मणीकांत, सरपंच गुरमीत राणा, दीपक कुमार मौजूद रहे।


**उचाना।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देते वाली ग्रुप को सम्मानित करते हुए।

#### स्कूल में ज्ञान ज्योति वार्षिकोत्सव मनाया

**उचाना।** आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी गणेशानंद महाराज धर्मार्थ न्यास द्वारा संचालित एवं विद्या भारती द्वारा संरक्षित श्री शिव मंदिर सनातन धर्म वमावि उचाना कलां के प्राथमिक विभाग में ज्ञान ज्योति वार्षिकोत्सव मनाया । अध्यक्षता जगन्नाथ शर्मा अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति एवं ग्रामीण हिंदू शिक्षा समिति कुरुक्षेत्र ने की। मुख्य अतिथि विकास धीमान सेल टैक्स इंस्पेक्टर रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रवीण उर्फ बिल्ला चंडीगढ़ पुलिस पहुंचे। मुख्य वक्ता की भूमिका सुभाष शर्मा सेवा शिक्षा संयोजक विद्या भारती उत्तर क्षेत्र ने निभाई। मुख्य वक्ता ने प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति और पाश्चात्य शिक्षा पद्धति में अंतर समझाया। समरसता का संदेश दिया और स्वदेशी का भाव बनाए रखने पर जोर दिया। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, हरियाणवी लोकगीत, महिषासुर स्तोत्र भरतनाट्यम, लघु नाटिका, अष्टादश श्लोकी गीता, राम सिया की करुण कहानी जैसे शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जगन्नाथ शर्मा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। पर निदेशक विनोद वशिष्ठ, नीरज नागपाल, वाईएस कादियान, प्राचार्य रणधीर सिंह शास्त्री, प्राचार्य सुरेंद्रए प्राचार्य धर्मवीर उपस्थित रहे।

# 1600 मीटर रेस में रमन अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव रोहेड़ा के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में कई टीमों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जानकारी देते हुए खेलों के आयोजक बलवान सिंह फौजी व सुनील फौजी ने बताया कि खेल प्रतियोगिता के पहले दिन 5 किलोमीटर रेस 3000 मीटर रेस 1600 मीटर रेस व 300 मीटर रेस का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि 5 किलोमीटर रेस में गांव सोगरी के मनप्रीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसे 3100 रुपए की नगर राशि दी गई। उन्होंने बताया कि लड़कियों की 1600 मीटर रेस में रमन ने पहला स्थान प्राप्त किया 1100 रुपए नकद दिए,जबकि पावनी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया जिसे 500 रुपए नकद राशि दी गई और कनिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया । इसके अलावा 3000 मीटर रेस में राजीव रोहेडा ने पहला स्थान प्राप्त किया जिसे 3100 रुपए की राशि से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि शनिवार को लड़कियों की नेशनल कबड्डी 57 किलोग्राम भार वर्ग में होगी, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 21000 रुपये व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को11000 और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 5100 नगद इनाम राशि दी जाएगी टीमों को भी नकद इनाम राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।


**राजौंद।** विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते खेलों के आयोजक।


**कैथल।** समाजसेवी रामप्रताप गुप्ता खिलाड़ियों को सम्मानित करते।

#### खेल जीवन का अभिन्न अंग : गुप्ता

**कैथल।** महाराजा सूरजमल जाट स्टेडियम, कैथल में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के मुख्यातिथि समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रताप गुप्ता रहे। गुप्ता ने कहा कि लोकप्रिय एवं दूरदर्शी सांसद माननीय नवीन जिंदल द्वारा युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करने और बड़े मंच उपलब्ध कराने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। सांसद ने हमेशा खेल ढांचे को मजबूत करने, खिलाड़ियों को अवसर देने और युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा जगाने का काम किया है। उनकी इस अभूतपूर्व पहल ने पूरे क्षेत्र में खेलों के प्रति एक नई जागरूकता और उत्साह का संचार किया है। दो करोड़ रुपये की सहयोग राशि को विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों में वितरित किए जाने की घोषणा ने युवाओं में उत्साह की नई लहर पैदा की है। यह प्रोत्साहन निश्चित रूप से खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम को सफल, व्यवस्थित और आकर्षक बनाने में कैथल जिंदल हाउस प्रभारी रविंद्र धीमान का योगदान अनुकरणीय रहा। उनकी मेहनत, समर्पण और सूझबूझ भरी कार्यशैली के कारण यह आयोजन पूर्णतः सफल रहा।

### कृषि विज्ञान केंद्र का किया विस्तृत मूल्यांकन

**जींद।** पांडु पिंडारा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में शुक्रवार को नीति आयोग की विशेषज्ञ टीम ने विस्तृत मूल्यांकन एवं समीक्षा दौरा किया। टीम का उद्देश्य केंद्र में चल रहे कृषि प्रसार कार्यों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, अनुसंधान, जनसंवाद मॉडल तथा किसान हितैषी नवाचारों का प्रत्यक्ष अवलोकन करना था।केवीके प्रमुख डॉ नीरज पवार ने कृषि विज्ञान केंद्र के दौरे के दौरान नीति आयोग की टीम को कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित फसल विविधिकरण, प्राकृतिक, जैविक खेती, फसल अवशेष प्रबंधन, उच्च-उपज किस्मों, जल प्रबंधन तकनीकों तथा डिजिटल कृषि सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी। टीम ने विशेष रूप से डेमोस्ट्रेशन प्लांट, किसान प्रशिक्षण कक्ष, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला तथा कृषि यांत्रिकीकरण ईकाई का निरीक्षण किया। टीम ने जिले के गांव बीबीपुर, निडानी और अहिरका में किसानों के साथ संवाद किया।


**कैथल।** एडीसी सुरेश राविश अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते।

#### नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करें

**कैथल।** एडीसी कम सीईओ जिला परिषद सुरेश राविश ने कहा कि सभी अधिकारी समाधान शिविर को गंभीरता से लें और नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निपटान सुनिश्चित करें। किसी भी शिकायत के निपटान में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने आगामी सात दिसंबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रस्तावित दौरे के चलते सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे बिना अनुमति के अपना स्टेशन न छोड़े। एडीसी सुरेश राविश शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश जारी कर रहे थे। इससे पहले चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय से सभी जिलों की उपायुक्तों के साथ समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। एडीसी ने बताया कि जिले में 15 शिकायतें लंबित हैं, इनमें बिजली विभाग और क्रीड़ (परिवार पहचान पत्र) विभाग से संबंधित शिकायतों की संख्या अधिक है। इन दोनों विभागों को विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करने और शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने चलाया जागो सारा देश लक्ष्य अभियान

# राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष उपलक्ष्य में जागो सारा देश लक्ष्य को लेकर कलायत शहर में वार्ड एक से संघ की टीम द्वारा प्रत्येक परिवार से संपर्क साधने का अभियान शुरू किया है। आरएसएस कार्यकर्ताओं की टीम प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर संवाद स्थापित कर रही है। समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए पांच प्रमुख मंत्र दिए जा रहे हैं।

इसमें परिवार में संस्कार और सामंजस्य बढ़ाने के लिए कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, व पर्यावरण संरक्षण शामिल हैं। संघ की तरफ से हरीश गर्ग, मुकेश कुमार, अमित वाल्मीकि, प्रवीण कांसल सहित अन्य स्वयंसेवकों ने श्री रैदास कालोनी में वार्ड नंबर एक पार्षद कुमारी रेणु धानियां की मौजूदगी में जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। टीम ने घर-घर जाकर नागरिकों से बातचीत की। परिवार के सदस्यों की जानकारी ली। उन्हें समाज व राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्र की उन्नति के लिए सबसे पहले परिवारों का मजबूत एवं जागरूक होना जरूरी है। इसी तरह व्यक्ति को अपनी क्षमताओं और जिम्मेदारियों को समझाने के लिए खुद का बोध करवाया जा रहा है। सामाजिक समरसता का लक्ष्य समाज में समानता एवं भाईचारे को बढ़ावा देना है।


**कलायत।** वार्ड एक में जन संपर्क अभियान चलाते आरएसएस कार्यकर्ता।

#### राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे

हर नागरिक राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे। आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व सुरक्षित प्रकृति बनाए रखने का संकल्प पर्यावरण संरक्षण मुहिम के तहत दिया जा रहा है। संघ के इस प्रकार के प्रयास की सराहना लोगों द्वारा की जा रही है। स्वयंसेवकों ने बताया कि यह अभियान शहर के सभी वार्डों में सिलसिलेवार चलेगा। ताकि अधिक से अधिक परिवार जागरूक होकर पांच परिवर्तनों को अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकें। आरएसएस का यह जनसंपर्क अभियान क्षेत्र में सामाजिक जागृति और राष्ट्रीय चेतना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रहेगा।

## खबर संक्षेप

### सरकारी स्कूल में बाल सलाह केंद्र की स्थापना



**जींद।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना के तहत बराह कलां गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मालिक द्वारा राज्य के 194वें व जिले के 78वें बाल सलाह, परामर्श एवं कल्याण केंद्र की स्थापना की गई। इस अवसर पर संक्रमण काल में किशोरों का समर्थन, सोशल मीडिया और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर आयोजित सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता अनिल मलिक ने कहा कि किशोरावस्था को संक्रमणकाल इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यह उम्र बचपन से व्यस्कता की ओर शारीरिक, भावनात्मक, सामाजिक, संज्ञानात्मक, निरंतर परिवर्तन और बदलाव की होती है।

### मंत्री बेदी ने कूड़ा उठाने वाले वाहनों को हरी झंडी दी



**नरवाना।** पिछले काफी दिनों से कूड़ा करकट उठाने वाली गाडियां ना आने से आमजन को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसको लेकर हर रोज नगर परिषद में शिकायत की जा रही थी। अब नगर परिषद ने एक प्राइवेट कंपनी को पांच साल का ठेका दे दिया गया है। कूड़ा उठाने का जिसने अपना सर्वे करके नरवाना के डोर टू डोर कूड़ा उठाने का सर्वे पूरा कर लिया है और हर घर पर अपना एक कार्ड भी लगा दिया है, हर दरवाजे पर। उसी कड़ी में शुक्रवार को नरवाना हरियल विश्राम गृह से कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने अपने कूड़ा उठाने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उम्मीद की जा रही है कि आगामी समय में नरवाना से कूड़ा उठाने की समस्या शायद समाप्त हो जाए।

### संविधान को जानना हर नागरिक की जिम्मेदारी

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के नेतृत्व में विधि संकाय विभाग द्वारा संविधान विषय पर विशेष एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। इसके मुख्य वक्ता केंद्रीय विवि हरियाणा के विधि विशेषज्ञ प्रो. राजेश मलिक रहे। लेक्चर के दौरान प्रो. मलिक ने संविधान की मूल भावना, संरचना तथा उसके प्रमुख अनुच्छेदों पर विस्तार से चर्चा की। विशेष रूप से अनुच्छेद 13, 14 और न्याय से जुड़े प्रावधानों को सरल भाषा में समझाते विद्यार्थियों को जागरूक किया। प्रो. मलिक ने कहा कि संविधान को जानना हर नागरिक का अधिकार ही नही बल्कि जिम्मेदारी भी है। क्योंकि देश का संचालन संविधान द्वारा तय सिद्धांतों और नियमों के अनुसार ही होता है। जिस प्रकार एक व्यक्ति जीवन को व्यवस्थित रखने के लिए नियमों का पालन करता है, उसी प्रकार राष्ट्र को भी सुचारू रूप से चलाने के लिए संविधान का सम्मान और पालन करना अत्यंत आवश्यक है।

### प्रदेश से जुड़े समग्र विकास मुद्दों पर विस्तृत विमर्श



**पूंडरी।** भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने पंजाब के महामहिम राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट कर जिला कैथल तथा हरियाणा से जुड़े समग्र विकास मुद्दों पर विस्तृत विमर्श किया। बताया कि यह भेंट मात्र औपचारिकता न होकर जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों को आगे बढ़ाने का एक अवसर रही। कहा कि मुलाकात के दौरान क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्य, रोजगार अवसरों का विस्तार, युवाओं में नेतृत्व एवं तकनीकी कौशल को बढ़ावा देने, सामाजिक सौहार्द को सुदृढ़ करने तथा सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। महामहिम को बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सड़क, पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य व शिक्षा संबंधी योजनाओं को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है, ताकि विकास की गति जमीनी स्तर तक पहुंचे।

### एडीआर सेंटर में वर्कशॉप का किया आयोजन

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के निर्देश अनुसार एडीआर सेंटर के सभागार में आंगनबाड़ी कर्मी तथा हेल्पकर्मी के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका ने की। प्राधिकरण सचिव ने उपस्थित जनों को बताया कि 13 दिसंबर को न्यायिक परिसर जींद नरवाना व सफीदों के साथ-साथ पूरे भारतवर्ष में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी को निर्देश दिए की राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी भाईचारे से ज्यादा से ज्यादा लंबित मामले में प्री लिटिगेटिव स्टेज पर मामलों का निपटान करवाएं तथा राष्ट्रीय लोक अदालत का ज्यादा से ज्यादा प्रचार व प्रसार करें ताकि जमीनी स्तर पर आम लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत का फायदा मिल सके। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि आपसी समझौते से हल हो सकने वाले मामलों में राष्ट्रीय लोक अदालत काफी कारगर सिद्ध हो रही है। लोक अदालत में सस्ता वह सुलभ न्याय मिलता है तथा इसकी प्रक्रिया बहुत बिल्कुल साधारण है।

### गांव कौल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**ढांड/कौल।** कौल के आंगनवाड़ी केंद्र में महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से आरबीएसके टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान 6 वर्ष तक आयु के बच्चों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में बच्चों के हीमोग्लोबिन, दांत, नाखून, वजन, लंबाई तथा मानसिक विकास संबंधी जांच की गई। विशेषज्ञ टीम द्वारा पाया गया कि मौसम परिवर्तन के चलते कई बच्चों को सर्दी-खांसी व बुखार की समस्या अधिक देखने को मिली। जिन बच्चों में स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं पाई गईं, उन्हें आयरन सिरप, आवश्यक दवाइयां एवं आयरन-फोलिक टेबलेट्स उपलब्ध करवाई गईं। साथ ही गंभीर स्वास्थ्य समस्या वाले बच्चों को आगे जांच के लिए सिविल अस्पताल रेफर किया गया।

### भाकियू ने किया किसानों की समस्याओं पर मंथन

**जींद।** भारतीय किसान यूनियन जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक किसान भवन में बलबीर सिंह ईंटल कलां की अध्यक्षता में संपनन हुई। बैठक में किसानों के मुद्दों और समस्याओं पर पर चर्चा की गई। भाकियू जिलाध्यक्ष बिंदर नंबरदार, नौगामा खाप के प्रवक्ता एडवोकेट रामफल जागलान द्वारा सरकार से मांगे की गई कि जो भी ट्रैक्टर की रजिस्ट्रेशन फीस 10 प्रतिशत बढ़ाया गया है, उसको वापस लिया जाए। जो कमर्शियल श्रेणी में डाला गया है, डब्ल्यूटीओ के साथ मिल कर भारत सरकार द्वारा कंपनियों को जो फसलों के नए बीज तैयार किए जाएंगे, जो एक बार बिजाई होने के बाद दोबारा किसान उसका बीज तैयार नहीं कर पाएगा। इसलिए इस कानून को भी वापस लिया जाए। अभी जो बिजली का टाइम किसानों के खेतों में रात के समय का है, इससे किसान सर्दी से परेशान होते हैं। इसका समय दिन का किया जाए व हर गांव में जो समय लाइट का सुबह छह बजे तक चलने का है उसको आठ बजे तक बढ़ाया जाए। यूनियन द्वारा चंद्र नंबरदार बीबीपुर को खजांची बनाया गया। भाकियू जिला प्रवक्ता रामराजी को भी बैठक में सम्मानित किया गया।

### प्रदेश का विकास ही सरकार की प्राथमिकताः मनीष

**पूंडरी।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनीष कठवाड़ ने कहा कि आज हरियाणा वास्तविक अर्थों में विकास की गति पकड़ चुका है और इसका श्रेय मुख्यमंत्री नायब सैनी की मजबूत नेतृत्व शैली को जाता है। कहा कि केंद्र व राज्य—दोनों स्तरों पर भाजपा सरकार ने जिस पारदर्शिता, प्रतिबद्धता और गति के साथ योजनाओं को धरातल पर उतारा है, वह विपक्ष की राजनीति के तमाम दावों को बेअसर कर देती है। उन्होंने बताया कि सिर्फ पिछले एक वर्ष में हरियाणा सरकार ने 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक की नई परियोजनाओं को मंजूरी देकर स्पष्ट कर दिया है कि विकास ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इन परियोजनाओं में सडकों का व्यापक जाल बिछाना, ग्रामीण पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करना, कृषि मंडियों का आधुनिकीकरण, स्कूलों व अस्पतालों के बुनियादी ढांचे का विस्तार जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। मनीष कठवाड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी लगातार गांव–गांव की समस्याओं को सुन रहे हैं और 'सबका साथ, सबका विकास' को वास्तविक रूप दे रहे हैं। कहा कि पिछले 6 महीनों में ही 36 से अधिक बड़े सडकों एवं पुलों के निर्माण कार्य शुरू करवाए जा चुके हैं।

### जागरूकता ही एड्स से बचाव व सर्तक रहे : नरेंद्र

**अलेवा।** नगूरां गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीन चांदपुर गांव में एड्स जागरूकता माह के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने की। इस दौरान एएनएम, आशा वर्करों, आंगनबाड़ी वर्करों तथा ग्रामीणों को एडस है जानलेवा बीमारी, इसे मिटाना है हम सबकी जिम्मेवारी नामक स्लोगनों से जागरूक किया। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने लोगों को एड्स के लक्षणों के बारें में जागरूक करते हुए कहा कि एडस के शुरूआती लक्षण फलू जैसे हो सकते हैं, इसके अलावा लगातार थकान और बुखार होना, बिना कारण वजन घटना, गर्दन, बगल, कमर में लिम्फ नोड्स, ग्रथियों में सूजन होना, त्वचा पर चकते होना, मुंह में छाले व फंगल संक्रमण के अलावा निमोनिया, टीबी, दस्त आदि बीमारी हो सकती है। एड्स फैलने का कारण असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त चढाने, एक ही सुई सीरिंज का बार-बार प्रयोग, गर्भवती माता से उसके बच्चे में हो सकता है। स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि एड्स एक लाईलाज बीमारी है। एएनएम सविता, अनिता, कुलदीप के अलावा आशा वर्कर रोशनी, राजेश, बाला आदि मौजूद रहे।

### चोरी की गुत्थी सुलझी, जेवरात व नकदी बरामद

**जींद।** जुलाना थाना पुलिस ने एक पखवाड़ा पहले सोना व चांदी तथा लाखों रुपये की नगदी चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए एक आरोपित को काबू किया है। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर लाखों रुपये कीमत के जेवरात तथा नगदी बरामद की है। जुलाना थाना प्रभारी विक्रम जोसन ने बताया कि गत 19 नवंबर को जुलाना मंडी में सोने के जेवरात तथा नगदी चोरी हो गई थी। पुलिस शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस जांच में जुलाना निवासी रोहित व उसके साथियों के नाम सामने आए। जिसमें दो जुनायल पाए गए। पुलिस ने आरोपित रोहित व उसके साथियों की निशानदेही पर 91 ग्राम 25 मिलीग्राम सोना के जेवरात, 866 ग्राम नौ मिलीग्राम चांदी के आभूषण तथा एक लाख 12 हजार रुपये की नगदी बरामद की है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

**खबर संक्षेप**

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी होंगे पुरस्कृत

**जींद।** हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना के तहत आगामी 25 दिसंबर को साल 2024-25 में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को गुड गवर्नेंस अवॉर्ड दिए जाएंगे। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 दिसंबर निर्धारित की गई है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना के तहत उन अधिकारियों व कर्मचारियों को पुरस्कृत कर शासन में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है, जिनके अभिनव, अभ्यास और असाधारण प्रयास पूरे राज्य में बेहतर शासन में योगदान करते हैं। विभिन्न विभागों, बोर्ड, निगम, सोसाइटी, विश्वविद्यालय, हरियाणा सरकार के अधीन उपक्रम के सभी पात्र कर्मचारी पोर्टल पर पर 13 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

## वोट चोर गद्दी छोड़ रैली की तैयारियां जोरों पर

**जींद।** सोनीपत में आगामी 14 दिसंबर को रामलीला मैदान दिल्ली में होने वाली देशव्यापी वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली की तैयारियों को लेकर आयोजित महत्वपूर्ण बैठक को सम्बोधित किया। यह महारैली केवल एक कार्यक्रम नही बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा, मत सम्मान की पुनस्र्थापना और सत्ता के अहंकार के विरुद्ध भारत की एकजुट आवाज बनने जा रही है। बैठक में हरियाणा प्रभारी बीके हरिप्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, आदि मौजूद रहे।

## एचएसईबी वर्कर यूनियन की गेट मीटिंग जारी

**सीवन।** एचएसईबी वर्कर यूनियन की ओर से चल रहे आंदोलन के तहत तीसरे दिन भी 132 केवी सब-स्टेशन सीवन में यूनिट गुहला के आदेश पर गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सब-यूनिट प्रधान राजकुमार ने की, जबकि मंच संचालन का दायित्व सचिव पवन ने निभाया। बैठक को संबोधित करते हुए राजकुमार ने कहा कि निगम प्रबंधन द्वारा सीवन में तैनात लाइनमैन नरेंद्र कुमार को अचानक कुरुक्षेत्र सर्कल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## चालक से जबरन करवाई जा रही थी गोवंश तस्करी

**जींद ।** शहर थाना नरवाना पुलिस ने हरियल चौक पर पिकअप गाड़ी को काबू कर उसमें से चार गोवंश का बरामद किया है। पुलिस ने गाड़ी चालक की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हरियाणा गोवंश संरक्षण एवं गोसंर्वधन अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जेजे कालोनी दिल्ली निवासी नवल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गाड़ी पर चालक को कार्य करता है। गत दिवस उसे पोर्टल एप पर निहालगढ़ (पंजाब) से दिल्ली की बुकिंग मिली। जिसमें बताया गया कि घरेलू सामान को पंजाब से दिल्ली लेकर जाना है। जिस पर वह अपने सहयोगी के साथ दी गई लोकेशन पर पंजाब में पहुंच गया।

### गैस एजेंसियां सिलेंडरों की कमी होने की कह रही बात

# सर्दी का मौसम शुरू होते ही घरेलू गैस की गहराई किल्लत

### दस दिन पहले करवाई बुकिंग अब तक डिलीवरी नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** डिलीवरी के लिए रखे गैस सिलेंडर।

सर्दी का मौसम शुरू होते ही घरेलू गैस की किल्लत आमजन को परेशान करने लगी है। जिन लोगों ने दस दिन पहले गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी के लिए बुकिंग करवाई थी, उन्हें आजतक भी सिलेंडर नही मिल पाया है। जब उपभोक्ता सिलेंडर समस्या को लेकर गैस एजेंसी पर पहुंच कर जवाब-तलबी करते हैं तो उनके द्वारा रटा रटाया जवाब दिया जाता है कि पीछे से गैस सिलेंडरों की शॉर्टेज है। जिसके चलते आगामी दस से 15 दिनों तक इस समस्या का सामना करना पड़ेगा। वहीं खाद्य एवं आपूर्ति विभा के अधिकारी अनुसार समस्या का निदान करवा दिया गया है और शनिवार से पहले की तरह ही गैस सिलेंडर मिलने शुरू हो जाएंगे। इस समय एचपी गैस एजेंसी उपभोक्ताओं की बात की जाए तो दस दिन पहले जिन लोगों ने सिलेंडर के लिए बुकिंग करवाई थी, उन्हें आजतक भी डिलीवरी नही दी गई है। आमतौर पर डिलीवरी में दो से तीन दिन का समय लग जाता है। जब पांच से सात दिन तक भी डिलीवरी नही हुई तो काफी संख्या में लोगों ने पटियाला चौक स्थित एचपी गैस एजेंसी कार्यालय पर जाकर पूछताछ की तो उन्हें ठोस जानकारी नही दी गई, बस इतना बता दिया कि अभी दस से 15 दिन यही समस्या रहेगी। पीछे से गैस सिलेंडर नही मिल रहे हैं। हां इतना जरूर बताया गया कि अगर ज्यादा जरूरी है तो एजेंसी से पर्ची कटवाओ और सुबह लाइन में लग कर गैस सिलेंडर ले लो। अगर नंबर आ गया तो सिलेंडर मिल जाएगा नही तो अगले दिन आना होगा। बाजार में आसानी से मिलता है 1100 रुपये तक में सिलेंडर उपभोक्ता शहर की गैस एजेंसियों से सिलेंडर लेते हैं तो उन्हें इसके लिए 862 रुपये अदा करने पड़ते हैं। सर्दी के मौसम शुरू है और घरों में गैस की खपत भी बढ़ जाती है। जिन्हें इमरजेंसी में गैस सिलेंडर की जरूरत है वो एक सिलेंडर 862 रुपये की बजाय बाजार में बिचौलियों के माध्यम से एक हजार से 1100 रुपये तक लेने को मजबूर हो रहे हैं। बुकिंग के बावजूद भी उपभोक्ताओं को सिलेंडर समय पर नहीं मिल रहा है। जिससे उपभोक्ताओं को समस्या झेलनी पड़ रही है। एचपी गैस उपभोक्ता कुलदीप ने बताया कि 29 नवंबर को गैस सिलेंडर की बुकिंग की थी। जिसकी डिलीवरी आजतक भी नही मिली है। एजेंसी में जाकर पूछताछ की तो बताया गया कि आगे से सप्लाई देरी से मिल रही है। इस कारण से यह समस्या है।

### आज से पहले की तरह मिलेगी गैस सिलेंडरों की सप्लाई : डीएफएससी

*खाद्य आपूर्ति नियंत्रक सौरभ ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया था। तुरंत प्रभाव से उपभोक्ताओं की समस्या पर संज्ञान लिया गया। मामले को सॉल्ट आउट करवा दिया गया है। शनिवार से पहले की तरह ही उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडरों की सप्लाई मिलेगी। आमतौर पर 48 घंटे में देना अनिवार्य होती है। यदि सप्लाई सामान्य है तो देरी नहीं की जा सकती। इसके साथ ही ओटीपी बताए बिना सिलेंडर नहीं मिलेगा। वहीं नियमों के मुताबिक सरकारी रेट से एक रुपये भी ज्यादा नहीं ले सकते हैं।*



**जींद।** रोष व्यक्त करते हुए छात्र संगठनों के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## छात्रों ने फूंका सफीदों विधायक का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में शुक्रवार को किसान छात्र एकता संगठन और एनएसयूआई ने संयुक्त रूप से सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम का पुतला फूंका। दोनों संगठनों के नेता सुमित लाठर और जयदीप सिंधु ने नारेबाजी करते हुए विधायक के हालिया विवादित बयान और समाज के प्रति की गई असंवेदनशील टिप्पणियों पर रोष व्यक्त किया। किसान छात्र एकता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुमित लाठर ने कहा कि सफीदों विधायक अपनी सीमाओं को लगातार लांघ रहे हैं। समाज को गाली देने वाले और सार्वजनिक मर्यादा का उल्लंघन करने वाले नेताओं को हरियाणा की किसी भी यूनिवर्सिटी में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। छात्रों और युवाओं की गरिमा पर हमला किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसएसयूआई अध्यक्ष जयदीप सिंधु ने कहा कि जिस नेता में समाज और युवाओं के प्रति सम्मान की भावना नही है, वह सार्वजनिक जीवन के योग्य नहीं। ऐसी सोच लोकतंत्र को कमजोर करती है और युवा शक्ति इसका जवाब लोकतांत्रिक तरीकों से देगी। दोनों संगठनों ने संयुक्त रूप से चेताया कि यदि विधायक रामकुमार गौतम द्वारा समाज के प्रति की गई अभद्र टिप्पणियों पर सार्वजनिक माफी नही मांगी गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर अभिषेक जुलाना, मंजीत, मुकुल टंडन, गोविंद सैनी, साहिल, रविंद्र, नवरतन माथुर, बलराज कंडेला इत्यादि मौजूद रहे*

## आईटीआई छात्रा मुस्कान ने बढ़ाया देश का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल ।** छात्रा मुस्कान को सम्मानित करते प्रधानाचार्य सुरेंद्र गिल व अन्य ग्रामीण।

राजकीय आईटीआई महिला कैथल की छात्रा गांव दीवाल की बेटी मुस्कान ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर वर्ल्ड स्किल्स एशिया 2025 में सिल्वर मैडल हासिल कर प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। मुस्कान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित वर्ल्ड स्किल्स एशिया 2025 प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल तथा बेस्ट ऑफ नेशन अवॉर्ड और बेस्ट ऑफ एशिया में तीसरा स्थान प्राप्त कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह प्रतियोगिता ताइपे सिटी, ताइवान (चीन) में 27 से 29 नवंबर 2025 तक आयोजित हुई। इसमें 39 देशों की टीमों ने भाग लिया था।

मुस्कान के पहुंचने पर गांव दीवाल के लोगों ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया और डीजे के साथ मुस्कान की गांव में लेकर पहुंचे। यहां पर आईटीआई महिला के प्रधानाचार्य सुरेंद्र गिल और वर्ग अनुदेशक सुदेश कुमारी ने भी छात्रा का स्वागत किया। मुस्कान ने अपनी शुरूआती शिक्षा कैथल के सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुतुबपुर (कैथल) से प्राप्त की, जहाँ उन्होंने कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक पढ़ाई की। इसके कैथल की राजकीय महिला आईटीआई में कोर्स किया। इसके उपरांत उसने पेंटिंग और स्किल के बारे में रूचि लेकर कई जिलास्तरीय व राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में मेडल जीते। मुस्कान के पिता जयनारायण बिजली निगम में ड्राइवर के पद पर हैं और मां गृहिणी हैं। जयनारायण की तीन बेटियां और एक बेटा हैं। मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मी मुस्कान के पिता ने बताया की मुस्कान ने अपनी मेहनत के दम पर ये मुकाम हासिल किया हैं। शुरू से ही इसकी रूचि पेंटिंग और होम डेकोर में थी जिसके बाद इसने लगातार मेहनत की। सबसे पहले इसने जिले स्तर पर मैडल जीता था लेकिन उसके बाद लगातार राज्य और नेशनल में भी मेडल जीते। अब इंटरनेशनल मेडल जीतकर अपनी नई पहचान बनाई है। पिता जयनारायण ने कहा कि बेटियां बोझ नहीं होती बल्कि अगर उनको साथ दें तो वे पिता का मान बढ़ाने में पीछे नहीं रहतीं।

### वर्ल्ड स्किल्स में सिल्वर

यह पुरस्कार मुस्कान को प्रशिक्षण कौशल विकास मंत्रालय, एनएसडीसी और उद्योग विशेषज्ञों के सहयोग से मिला। भारतीय दल ने इस प्रतियोगिता में कुल 1 रजत, 2 कांस्य और 3 मेडैलियन फॉर एक्सीलेंस हासिल किए। कैथल की मुस्कान की यह सफलता युवा पीढ़ी, विशेषकर बेटियों, को वैश्विक स्तर पर उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करती है।

## एनसीसी आर्मी अटैचमेंट कैंप में नरवाना की दो कैडेट हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



**नरवाना ।** एनसीसी आर्मी अटैचमेंट कैंप में भाग लेने वाली छात्राओं को सम्मानित करते हुए।

अम्बाला छावनी में आयोजित 11 दिवसीय एनसीसी आर्मी अटैचमेंट कैंप जो 21 नवम्बर से 1 दिसम्बर के बीच आयोजित हुआ । जिसमें नरवाना के एसण्डीए महिला महाविद्यालय की दो कैडेट अंडर ऑफिसर निर्मल और सार्जेंट रोज़ी का चयन हुआ। दोनों कैडेट्स ने कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कुल 7 बटालियन से आए 98 कैडेट्स में से अंडर ऑफिसर निर्मल ने कैंप सीनियर की जिम्मेदारी भी संभाली। दोनों कैडेट्स के चयन में उनकी एनसीसी प्रशिक्षक प्रीति का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनकी बेहतरीन प्रशिक्षण और कड़ी मेहनत की वजह से ही कैडेट्स का चयन संभव हो पाया। कैडेट्स को 6 आर्मी रेजीमेंट्स का भ्रमण करवाया गया। उन्होंने सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की और विभिन्न सैन्य तकनीकों के बारे में सीखा। कैडेट्स को ऑपरेशन सिंदूर में उपयोग किए गए ड्रोनए कारगिल युद्ध में इस्तेमाल हुए मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर टैंक्स और इंडियन आर्मी की आधुनिक हथियार का प्रदर्शन भी दिखाया गया। प्रतिदिन कैडेट्स को आर्मी ट्रकों द्वारा सैन्य क्षेत्रों का दौरा कराने के माध्यम से सेना की कार्यप्रणालीए अनुशासन और तकनीक को करीब से समझने का अवसर दिया गया। कैंप से लौटने पर एसडी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अंजना लोहान लेफ्टिनेंट डॉ नयनदीप ने निर्मल और रोज़ी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## जिला बाल कल्याण परिषद ने करवाई जोनल स्तरीय प्रतियोगिता



**कैथल।** जिला बाल कल्याण परिषद ने राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल जींद रोड कैथल में जोनल स्तरीय प्रश्नोतरी द्वितीय, तृतीय, चर्तुथ समूह व एकांकी नाटक/थियेटर प्ले चतुर्थ समूह में आयोजित करवाई गई। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप मे जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार और अधीक्षक सुरेश कौशिक शामिल हुए जिनका भव्य स्वागत मीनू नरवाल व स्कूल के प्रबंधक लाभ सिंह लैलर ने किया। सभी गणमान्य सदस्यों ने सरस्वती माता के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद्, कैथल के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। जिला बाल कल्याण अधिकारी बलबीर सिंह चौहान ने बताया कि इसमें कैथल, करनाल व पानीपत जिले शामिल है। प्रतियोगिताओं में तीनों जिलों से 600 प्रतिभागी बच्चे भाग लेंगे।

## स्कूली विद्यार्थियों को बांटे गर्म वस्त्र

हरिभूमि नयूज ▶▶| कलायत



**कलायत।** गांव जुलानी खेड़ा स्थित सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों के साथ मौजूद कार्यक्रम आयोजक।

कलायत के गांव जुलानी खेड़ा स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को गर्म वस्त्रों की सौगात मिली। स्वर्गीय राजेश बिढ़ाण की स्मृति में स्वतंत्र समूह सेवा समिति एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पूर्व छात्र एसोसिएशन सर्दी के मद्देनजर विद्यार्थियों के लिए यह उपहार लेकर पहुंचा। जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र एवं स्वतंत्र समूह सेवा समिति के प्रधान डा.कृष्ण श्योकंद ने जन सेवा को समर्पित आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। श्योकंद ने बताया कि संगठन की शुरुआत उनके स्वतंत्र समूह सेवा समिति के चेयरमैन प्रदीप मोर द्वारा की गई है। इसका लक्ष्य समाजसेवा है। समिति के सक्रिय सदस्य डा.अनुराग बिढ़ान ने कहा कि स्वतंत्र समूह सेवा समिति शिक्षा, चिकित्सा और खेलों को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन करती आ रही है। समिति यह सुनिश्चित करेगी कि संसाधनों की कमी के चलते कोई भी बच्चा अपनी पढ़ाई या खेलों में पीछे न रहे।

## कांग्रेस ने दी खिलाड़ियों को प्राथमिकता : करोड़ा



**पूंडरी।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित कंवरपाल करोड़ा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हमेशा खिलाड़ियों, युवा प्रतिभाओं और खेल जगत से जुड़े परिवारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा शुरू की गई खेल एवं युवा-अनुकूल नीतियों ने हरियाणा को खेलों में देश-विदेश का नेतृत्वकर्ता राज्य बनाया। उन्होंने कहा कि उस समय पदक लाओ-नौकरी पाओ जैसी ऐतिहासिक नीति ने हरियाणा के हजारों खिलाड़्यों को सम्मान, सुरक्षा और स्थिर भविष्य सुनिश्चित किया। प्रदेश के युवा खिलाड़्यों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो झंडे गाड़े, उनमें कांग्रेस सरकार की दूरदर्शी नीतियों का बड़ा योगदान रहा। उन्होंने बताया कि खेलोत्साह बढ़ाने के लिए उस दौर में खिलाड़ियों को नौकरी, नकद पुरस्कार, उच्चस्तरीय सुविधाएं और आधुनिक खेल स्टेडियम उपलब्ध करवाए गए। गांव–गांव में खेल ढांचे को मजबूत किया गया, जिससे सामान्य परिवारों के बच्चे भी अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचने लगे। आज हरियाणा का कोई भी जिला खिलाड़ी पैदा करने में पीछे नहीं — यह कांग्रेस सरकार की मजबूत नींव का परिणाम है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने खिलाड़्यों की आर्थिक सुरक्षा को भी गंभीरता से समझा। इसी सोच के तहत प्रदेश में 50-50 लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि, उत्कृष्ट खिलाड़्यों के परिवारों के लिए विशेष सुविधाएं और खेल बजट में कई गुना वृद्धि की गई। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश में कांग्रेस सरकार आती है, तो खिलाड़्यों के सम्मान और भविष्य को और अधिक मजबूत नीति ढांचे के साथ सुरक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य केवल पदक लाने वाले खिलाड़्यों को सम्मान देना नहीं, बल्कि उन परिवारों की सहायता करना भी है, जो अपने बच्चों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष करते हैं।

## जुलाना में शक्ति प्रदर्शन करेगी जजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** जजपा युवा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए।

जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने कहा है कि सात दिसंबर को जुलाना में होने वाले जेजेपी के 8वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। दिग्विजय ने कहा कि हर जिले से लोगों की बढ़-चढ़कर भागीदारी होगी और कार्यक्रम ऐतिहासिक रहेगा। वे शुक्रवार को कैथल में पार्टी कार्यकर्ताओं से रैली की तैयारियों को लेकर रूबरू थे। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

दिग्विजय चौटाला ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के लोग मिलकर जेजेपी की जुलाना रैली को कामयाब बनाएंगे। उन्होंने कहा कि जेजेपी द्वारा बड़े खुले मैदान में विशाल कार्यक्रम की व्यवस्था की जा रही है, जिसमें प्रदेशभर के लोगों को पार्टी के तरफ से निमंत्रण दिया गया है। दिग्विजय ने कहा कि जेजेपी शक्ति प्रदर्शन के साथ जोरदार वापसी करेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के केंद्र बिंदु जुलाना में भारी भीड़ एकत्रित होकर प्रदेश में बदलाव के लिए हुंकार भरेगी। दिग्विजय ने कहा कि रैली में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर किया जाएगा। दिग्विजय ने कहा कि आज भाजपा सरकार की खराब नीतियों के कारण प्रदेश का प्रत्येक वर्ग परेशान है। उन्होंने कहा कि भाजपा की अनदेखी के कारण लाखों युवा रोजगार के लिए धक्के खाने को मजबूर है। वहीं भाजपा ने किसानों को एमएसपी और मुआवजा देने की जगह केवल धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि इस बार न तो मंडियों में किसानों को फसलों के उचित दाम मिले।

**कार्यक्रम** पदमश्री अशोक ध्यानचंद होंगे मुख्य अतिथि

### खिलाड़ियों की खोज और तराशने की नींव रखी जाएगी

# एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में देश की 15 फेडरेशन कल करेंगी एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



एनआइआइएलएम विश्वविद्यालय के चेयरमैन संदीप चहल व अन्य जानकारी देते हुए

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में 7 दिसंबर को खेल जगत के लिए एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। देश की 15 खेल फेडरेशन विश्वविद्यालय से एमओयू करने जा रही हैं। यह जानकारी यूनिवर्सिटी एडमिनिस्ट्रेशन इंचार्ज डॉ. देवेंद्र ढुल ने प्रेस वार्ता के दौरान दी।

डॉ. ढुल ने बताया कि इन फेडरेशनों के जुड़ने से न सिर्फ कैथल, बल्कि आसपास के जिलों के खिलाड़ियों को भी बड़ा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में पदमश्री अशोक ध्यानचंद मुख्य अतिथि होंगे। खास बात यह है कि वे एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय के ब्रैंड एंबेसडर भी बनेंगे। 15 खेल अकादमियों का होगा गठन विश्वविद्यालय में अगले वर्ष तक कुल 15 खेल अकादमियां स्थापित करने की योजना है। 7 दिसंबर को कबड्डी अकादमी की शुरुआत की जाएगी। उसी दिन कबड्डी का विशेष मैच भी आयोजित होगा, जिसके मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्डी तीर्थ होंगे। डॉ. ढुल ने बताया कि चरणबद्ध तरीके से बाकी सभी खेल अकादमियों को भी शुरू किया जाएगा, जिससे स्कूली स्तर से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक खिलाड़ी तैयार किए जा सकें। कार्यक्रम में कौन-कौन होंगे शामिल? इस महत्वपूर्ण आयोजन में देश के कई प्रतिष्ठित खिलाड़ी और हस्तियां शिरकत करेंगी। मुख्य अतिथि के रूप मे पदमश्री अलंकृत अशोक ध्यानचंद कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। उनके साथ अर्जुन अवार्डी तीर्थ, कैथल के पूर्व विधायक लीला राम, कबड्डी जगत के सितारे मनजीत चिल्लर और संदीप नरवाल भी मौजूद रहेंगे। चेयरमैन संदीप चहल ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल अपने विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र की प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर का मंच देना है। सही दिशा और विश्वस्तरीय सुविधाओं के बिना खेलों में उत्कृष्टता संभव नहीं है।

### क्रिकेट स्टेडियम बनेगा

*क्रिकेट स्टेडियम बनेगा एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय जल्द ही बीसीसीआई मानकों के अनुसार एक आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण शुरू करने जा रहा है। यह हरियाणा का पहला विश्वविद्यालय स्तरीय डे-नाइट क्रिकेट स्टेडियम होगा, जहां प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के मैच आयोजित किए जा सकेंगे। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में क्रिकेट अकादमी भी स्थापित की जाएगी, जिसमें प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पेशेवर प्रशिक्षण मिलेगा।*